**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 25 मई 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार**

==========================================

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज पहले नागरिक अलंकरण समारोह में 66 पद्म पुरस्कार प्रदान किए।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिल्ली दौरे के दौरान महिला पत्रकारों के साथ हरियाणा की नीतियों व मीडिया से जुड़े विभिन्न विषयों पर संवाद किए।

3. केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ईंधन बचत का आहवान देश हित में है, इससे विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत होगा।

4. श्री मनोहर लाल ने भिवानी के गांव, पुर में बहुउद्देश्यीय हॉल व पुस्तकालय का शिलान्यास किया, 104 बेटियों को निशुल्क साइकिल प्रदान किए।

5. देश में LPG का उत्पादन बढ़ाकर 50 हज़ार टन प्रतिदिन किया गया।

6. कुरुक्षेत्र के नागरिक अस्पताल में रोबोटिक तकनीक से घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी शुरू हुई

7. पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में भीषण गर्मी के साथ लू का प्रकोप जारी।

=============================================

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज शाम राष्ट्रपति भवन में पहले नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान किए।

पद्म पुरस्कार - देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक हैं, जिन्हें - पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री- तीन श्रेणियों में प्रदान किया जाता है।

आज 2026 के पहले नागरिक अलंकरण समारोह में, राष्ट्रपति 66 पद्म पुरस्कार प्रदानकिए गए , जिनमें 2 पद्म विभूषण, 6 पद्म भूषण और 58 पद्म श्री शामिल हैं। शेष पद्म पुरस्कार बाद में आयोजित होने वाले नागरिक अलंकरण समारोह के दूसरे चरण में दिए जाएंगे

==========================

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज अपने दिल्ली दौरे के दौरान हरियाणा भवन में महिला पत्रकारों के एक कार्यक्रम में शिरकत की और राज्य की नीतियों व मीडिया से जुड़े विभिन्न विषयों पर संवाद किया।
मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कल्याणकारी कामों के लिए कई तरह की पहल करती है। जैसे-जैसे समय बदल रहा है, लोग ज़्यादा समझदार और आधुनिक होते जा रहे हैं। जब भी कहीं कोई घटना या विकास होता है, तो वह तुरंत मोबाइल फ़ोन पर दिखाई देने लगता है। दूसरी तरफ कुछ लोग जिनके मन में कोई गलत इरादा या अपना स्वार्थ होता है, वे अक्सर सोशल मीडिया पर झूठी बातें फैलाते हैं। इससे न सिर्फ नुकसान होता है, बल्कि लोगों का भरोसा भी कम होता है। इससे  कई तरह की समस्याएँ और चुनौतियाँ सामने आती हैं।
श्री राहुल गांधी के कथित तौर पर गुमराह करने वाले बयानों को लेकर उन्होंने कहा कि काँग्रेस संविधान को खतरा बता कर लेकर लोगों को गुमराह करती है पर देश का नागरिक अब सब समझता है।

=====================================================
=========

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ईंधन बचत का आह्वान  देश हित में है।

वे आज जींद जिले के गांव बीबीपुर में सेल्फी विद डॉटर' अभियान के जनक एवं पूर्व सरपंच सुनील जागलान से परिवार से भेंट के बाद मीडिया से बातचीत

कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने हर स्तर पर ईंधन बचाने के प्रयास शुरू किए हैं।

केंद्रीय मंत्री ने सुनील जागलान के सामाजिक अभियानों की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा  कि सुनील जागलान से उनका वर्षों पुराना संबंध है।

श्री मनोहर लाल ने कहा कि समाज की बुराइयों को खत्म करने के लिए नए और सकारात्मक प्रयास बेहद जरूरी हैं। उन्होंने सुनील जागलान द्वारा चलाए जा रहे 'गाली बंद घर अभियान' की भी सराहना करते हुए कहा कि किसी भी सामाजिक समस्या का समाधान तभी संभव है, जब उसका सही विश्लेषण और जागरूकता हो।

उल्लेखनीय है कि सुनील जागलान ने अपने सरपंच कार्यकाल में बीबीपुर गांव को देश की पहली हाईटेक पंचायतों में शामिल कराया था। उनके कार्यकाल में महिलाओं की पहली महापंचायत का आयोजन भी बीबीपुर में हुआ था।

=========================================================
===

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने आज  कहा कि देश में  बिजली की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि  21 मई को देश में अधिकत्तम 271 गीगाबाईट बिजली  खर्च हुई , जबकि उत्पादन  274 गीगाबाईट था। इसलिए बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए अगले वर्ष गर्मियों के सीजन में 300 गीगाबाईट बिजली उत्पादन करने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्रीय मंत्री भिवानी के  गांव पुर में सर्वकल्याण मंच  के कार्यक्रम में  33 गांवों की 104 बेटियों को नि:शुल्क साईकिल प्रदान करने के बाद मीडिया से संबोधित कर रहे थे

उन्होंने पुर गांव में 90 लाख रुपए की लगत  से बनकर तैयार होने वाले बहुउद्देशी हॉल व पुस्तकालय का  शिलान्यास भी किया।

केंद्रीय मंत्री ने लोगों से आह्वान किया कि वे ईंधन  बचाने के लिए सार्वजनिक वाहनों रेल, मैट्रो, बसों का प्रयोग करें। गाड़ियों को पूल करके प्रयोग करें, ताकि विदेशी तेल पर निर्भरता कम हो।
उन्होंने लोगो से इलेक्ट्रॉनिक वाहनों का प्रयोग बढ़ाने और  रसोई  में भी गैस की बजाय  इलेक्ट्रिक उपकरणों का प्रयोग बढ़ाने को कहा।
उन्होंने कहा कि पैट्रोलियम पदार्थो के आयात में कमी आएगी तो विदेशी मुद्रा की  बचत होगी जिससे  देश को ताकत मिलेगी।
===================================================

केंद्र सरकार देश में पेट्रोलियम उत्पादों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। पश्चिम एशिया संघर्ष पर आज नई दिल्ली में आयोजित अंतर मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में एलपीजी का उत्पादन बढ़ाकर 50 हजार टन प्रतिदिन कर दिया गया है।

सुश्री शर्मा कहा कि इस महीने की शुरुआत से अब तक लगभग एक लाख 56 हजार टन व्यावसायिक एलपीजी की बिक्री हुई है।

==================================================

कुरुक्षेत्र के नागरिक अस्पताल में अब रोबोटिक तकनीक से घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी शुरू हो गई है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मनु सोनी ने कहा कि नागरिक अस्पताल में रोबोटिक नी ट्रांसप्लांट सर्जरी की शुरुआत होना कुरुक्षेत्र ही नहीं पूरे हरियाणा के लिए बड़ी उपलब्धि है।

5-डॉ मनु सोनी -31 सेकंड

===================================================
==========

पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में भीषण गर्मी के साथ लू का प्रकोप जारी है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ मदन लाल खीचड़ ने कहा कि 29 मई को एक पश्चिमी विक्षोभ पहाड़ों की तरफ बढ़ने और राजस्थान के ऊपर एक चक्रवात बनने से

हरियाणा में ज्यादातर क्षेत्रों में आंशिक बादल छाने, धूल भरी हवाएं चलने व कहीं कहीं गरज चमक के साथ बूंदाबांदी या हल्की बारिश होने की संभावना है।

========================================================